आज का सुविचार

क्षमादान बहुत मूल्यवान चीज है, पाप से घृणा करो पर पापी से नहीं।

साप्ताहिक

# युवा प्रदेश

Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS

जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है.. संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 67 www.yuvapradesh.in भोपाल, शुक्रवार 16 मई 2025 ypnews24@gmail.com पृष्ठ -8 मूल्य 2 रुपये

## ईसाई व्यक्ति द्वारा धर्म परिवर्तन करके दूसरी शादी करना अपराध होगा या नहीं जानिए/legal advice....

हिन्दू धर्म की भाँति ईसाई धर्म के अंतर्गत भी धर्म त्याग देने मात्र से व्यक्ति आपने वैवाहिक बंधनों से मुक्ति नहीं पा सकता है। अत: वैध विवाह के अस्तित्व में रहते यही कोई ईसाई किसी अन्य धर्म को स्वीकार करके विवाह करता है तो वह पुन: विवाह के अपराध का दोषी माना जाएगा। वैवाहिक बंधन को सबसे पहले उसे तलाक द्वारा समाप्त करना होगा।

कोई ईसाई स्त्री आपने पति को तलाक दिए बिना आपने जीवन काल में दुबारा विवाह नहीं कर सकती है भले ही उसने ईसाई धर्म को त्याग कर दूसरा धर्म ही क्यों नहीं स्वीकार लिया हो। मिलार्ड (1887) ,(मद्रास 218) के मामले मे हिन्दू विवाहिता पत्नी ने हिन्दू धर्म त्याग कर इसाई धर्म स्वीकार किया और मिलार्ड नामक इसाई से विवाह किया, इस मामले में महिला को न्यायालय ने IPC की धारा 494 (अब वर्तमान मे BNS की धारा 82 होगी) के अंतर्गत दोषी ठहराया गया।



युवा प्रदेश समाचार पत्र

- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**जानिए धर्म परिवर्तन संबधित कुछ महत्वपूर्ण जानकारी**- यदि कोई हिन्दू पुरुष अपना धर्म त्यागकर ईसाई धर्म स्वीकार करके ईसाई रीति के अनुसार ईसाई स्त्री से विवाह करता है और इसके पाश्चात् वह ईसाई धर्म त्यागकर इस्लाम धर्म स्वीकार करके इस्लामिक रीति के अनुसार किसी मुस्लिम महिला से विवाह कर लेता है, जबकि उसकी ईसाई पत्नी जिवित थी इस स्थिति में वह पुरुष द्वि विवाह के अपराध का दोषी होगा। इसी प्रकार यदि कोई ईसाई महिला किसी ईसाई पुरुष से ईसाई रीति के अनुसार विवाह करती है और अपने पति के जिवित रहते, इस्लाम धर्म स्वीकार करके किसी मुस्लिम पुरुष से मुस्लिम रीति से विवाह कर लेती है तो वह भी द्वि विवाह के अपराध IPC की धारा 494 एवं BNS की धारा 81 के अंतर्गत दोषी होगी।

**क्या है क्रिश्चियन मैरिज act, 1872 के विवाह विघटन के आधार जानिए** - भारत में ईसाई विवाह 1869 के भारतीय तलाक अधिनियम की धारा 10 के अंतर्गत तीन शर्तों के तहत विवाह भंग किया जा सकता है-

धारा 10a (2001 में संशोधित) के द्वारा दोनों पक्ष आपसी सहमति से तलाक ले सकते हैं।

धारा 10 (I) के अनुसार या तो कोई पक्षकार इस आधार पर तलाक के लिए दायर कर सकती है कि दूसरा पक्षकार मानसिक विकार है।

इन आधारों के लिए दो शर्तों की आवश्यकता होती है

1. पक्षकार को असाध्य के रूप में चिकित्सकीय रूप से प्रमाणित होना चाहिए।

2.संबंधित चिकित्सा लक्षणों को तलाक के लिए दाखिल करने से कम से कम दो साल पहले नोट किया जाना चाहिए। यदि लक्षणों का इलाज किसी भी समय किया गया था, लेकिन अंतत: लाइलाज हो गया, तो दो साल की अवधि को उस तारीख से गिना जाएगा जब बीमारी को लाइलाज प्रमाणित किया गया था। महिलाएं तीन विशेष आधारों पर धारा 10 (II) के तहत तलाक का अनुरोध कर सकती।

**अवैध तरीके से विवाह के अंतर्गत दण्ड का प्रावधान जानिए**- यह अपराध असंज्ञेय एवं अज्ञमानतीय होते हैं अर्थात इस अपराध की शिकायत पुलिस थाने में नहीं की जाती है इसके लिए मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद लगाया जाता है एवं आरोपी व्यक्ति को जमानत भी कोर्ट द्वारा दी जाएगी, इस अपराध की सुनवाई प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है। यह अपराध समझौते योग्य नहीं होते हैं अर्थात इस अपराध में राजीनामा नहीं किया जा सकता है।

**सजा** - इस अपराध के लिए अधिकतम सात वर्ष की कारावास और जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।

# प्रदेश के हर गांव में उपलब्ध कराएंगे सिंचाई की सुविधा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## बहनों और बेटियों के लिए जितनी जरूरत, उतने कॉलेज खोलेगी सरकार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ये मध्यप्रदेश के विकास का दौर है। विकास के प्रकाश से प्रदेश का कोई कोना वंचित नहीं रहेगा। विकास के कामों में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश में जल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों के साथ-साथ सिंचाई सुविधाओं का विकास भी हमारी सरकार कर रही है। प्रदेश के हर गांव में हमारी सरकार सिंचाई की स्थाई सुविधा उपलब्ध कराएगी। नदी जोड़ो अभियान में हम इसी दिशा में बढ़ रहे हैं। दो बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं पर काम प्रारंभ हो चुका है। तीसरी नदी जोड़ो परियोजना के लिए हम महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को रीवा जिले की सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के दिव्यगवां में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन तथा जल गंगा संवर्धन अभियान में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### विकास के कार्यों में नहीं होने देंगे धन की कमी




### मुख्यमंत्री ने उस कॉलेज का किया लोकार्पण जिसे उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में किया था स्वीकृत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा को और बेहतर एवं गुणवत्तापरक बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी ताकत से काम कर रही है। उन्होंने हर्ष जताते हुए बताया कि उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने दिव्यगवां में कॉलेज मंजूर किया था और आज उसी कॉलेज का वे बतौर मुख्यमंत्री लोकार्पण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस कॉलेज में 3 हजार विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, जिसमें 80 प्रतिशत बेटियां हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बहनों और बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। इनकी पढ़ाई-लिखाई के लिए जितनी जरूरत, उतने विद्यालय और महाविद्यालय खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई लिखाई, कॉपी किताबें, गणवेश, साईकल, लैपटॉप, स्कूटी देने के अलावा हमारी सरकार विद्यार्थियों की बेहतर कोचिंग की व्यवस्था भी कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए संकल्पित है। मध्यप्रदेश देश का इकलौता राज्य है, जहां तीन बड़ी नदी परियोजना पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी), केन-बेतवा लिंक और तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना पर काम हो रहा है।

# फरार आरोपी के खिलाफ उद्घोषणा के बाद भी अगर आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो 3 वर्ष की अधिक कारावास होगी जानिए -

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 82 में बताया गया है कि किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए मजिस्ट्रेट वारंट जारी करता है जब वह व्यक्ति नहीं मिलता है तो मजिस्ट्रेट आरोपी को सीधे 30 दिन के भीतर न्यायालय में हाजिर होने के लिए एक उद्घोषणा अर्थात हाजिर सूचना भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 84 के अंतर्गत जारी करेगा (नोट- IPC की धारा 80 में वारंट गिरफ्तारी का एवं IPC की धारा 82 में उद्घोषणा का प्रावधान है)

**उद्घोषणा किस प्रकार होगी जानिए-**

1. जहा आरोपी निवास करता है वहां सार्वजनिक स्थान पर पढी जाएगी।

2. वह स्थान जहां पर आरोपी किराये या अस्थाई निवास करता है एवं उद्घोषणा की एक प्रति ग्राम पंचायत या ग्राम के सार्वजनिक स्थान पर लगाई जाएगी एवं न्यायालय सदन में भी लगाई जाएगी।

3. यदि न्यायालय को ठीक लगता है तो एक प्रति किसी लोकल दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित करवाने के लिए भी दे सकता है।

इस उद्घोषणा के बाद भी आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो उसके खिलाफ आगे क्या कानूनी कार्यवाही हो सकती है जानिए-


**भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 209 एवं भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 175 की परिभाषा ??** जो कोई व्यक्ति भारतीय नागरिक संहिता, 2023 की धारा 84 की उपधारा 01,02,03 एवं दण्ड प्रकरण संहिता की धारा 82 की उपधारा 01.02,03, के अंतर्गत उद्घोषणा होने के बाद स्वयं को न्यायलय में हाजिर नहीं करता है तो वह व्यक्ति BNS की धारा 209 एवं IPC की धारा 175 के अन्तर्गत दोषी होगा।

Bharatiya Nyaya Sanhita Section 209 or Indian Penal Code Section 174 Provision of punishment*

यह अपराध,संज्ञेय एवं अज़मानतीय होते हैं अर्थात पुलिस थाने में इस अपराध के खिलाफ डारेक्ट एफआईआर दर्ज हो सकती है, एवं अपराध के लिए प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष परिवाद (शिकायत) दर्ज करवा सकते हैं। इस अपराध की सुनवाई प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जाती है।

**सजा** - इस अपराध के लिए अधिकतम तीन वर्ष की कारावास और जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

**लेखक बीआर अहिरवार( पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद )**




**बुद्ध पूर्णिमा की शुभ रात,**
**जगमगाते चाँद के साथ।**
**शांति का संदेश लिए बुद्ध,**
**करुणा बिखेरें, प्रेम का बूंद।**

**सिद्धार्थ से गौतम बने जो,**
**ज्ञान का दीपक जले वो।**
**बोधि वृक्ष की छाँव तले,**
**सत्य का पथ दिखलाते चले।**

**दुख, सुख, सब क्षणिक माया,**
**मन को समझाए बुद्ध की काया।**
**अहिंसा, प्रेम, और ध्यान,**
**जीवन का सच्चा सम्मान।**

**बुद्ध पूर्णिमा का पावन दिन,**
**हृदय में बसाए शांति का चिन।**
**चलें उनके दिखाए पथ पर,**
**बनें हम सब प्रेम के सागर।**

**बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं**

# कैंसर के इलाज व बाल पुनः उगाने का झूठा दावा कर रहे अवैध संचालित दो अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल के निर्देश पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जिले में संचालित विभिन्न क्लिनिक्स की जांच की गई। जांच के दौरान म प्र उपचार्यगृह एवं रूजोपचार संबंधी स्थापना अधिनियम के तहत बिना पंजीयन चल रहे शुद्धि आयुर्वेद - जीना सीखो लाइफ केयर लिमिटेड अस्पताल का संचालन बंद करवा दिया गया है। प्राथमिक जांच में ये भी सामने आया है कि इस अस्पताल द्वारा कैंसर सहित गंभीर बीमारियों के जड़ से इलाज किए जाने के विज्ञापन किए जा रहे हैं। सी एम एच ओ दल द्वारा एम पी नगर डॉक्टर बत्रा क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। इस क्लीनिक में हेयर ट्रीटमेंट का दावा किया जाता है। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक संचालक द्वारा दल को आवश्यक दस्तावेज नहीं दिखाई जा सके। दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने तक क्लिनिक संचालन बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर द्वारा निरीक्षण के लिए संयुक्त दल गठित किया गया था। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ कार्यपालिक अधिकारी, पुलिस, औषधि प्रशासन के अधिकारी शामिल रहे। 9 मई को दोपहर 3ः00 बजे जिला स्वास्थ्य अधिकारी , जिला टीकाकरण अधिकारी औषधि निरीक्षक अनुविभागीय अधिकारी हुजूर कार्यालय से कार्यपालिक अधिकारी एवं रातीबड़ पुलिस द्वारा नीलबड़ स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया गया। जांच में पाया गया कि तीन मंजिला इमारत में संचालित शुद्धि आयुर्वेदिक अस्पताल में ओपीडी ,आयुर्वैदिक फार्मेसी, आईपीडी एवं पंचकर्म कारणों का दावा किया जाता है। अस्पताल संचालक ने निरीक्षण दल के समक्ष स्वीकार किया कि उनके द्वारा अस्पताल संचालन के लिए रजिस्ट्रेशन एवं लाइसेंस नहीं है, न ही इस संबंध में आवेदन दिया गया है। अस्पताल में शुद्धि आयुर्वेद मार्केटेड बाय जीना सीखो लाइफ केयर लिमिटेड की दवाइयां पाई गईं , लेकिन प्रबन्धन ने औषधि विक्रय की अनुमतियां भी





नहीं ली थीं। अस्पताल में फायर एन ओ भी नहीं मिली है। सी एम एच ओ कार्यालय द्वारा मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 एवं अधिनियम 1997 (यथा संशोधित ) 2021 के उल्लंघन करने पर इन संस्थाओं का संचालन बंद किया गया है। साथ ही आगामी आदेश तक केंद्र में किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय गतिविधियां संचालित नहीं किए जाने की हिदायत दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने कहा कि अस्पताल एवं क्लिनिक के पंजीयन, उपचार एवं चिकित्सक के बारे में जानकारी लेना मरीज का अधिकार है । निजी स्वास्थ्य संस्थाओं को भी सीएमएचओ कार्यालय द्वारा जारी लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन स्वास्थ्य संस्थानों के प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग द्वारा सलाह दी गई है कि विभिन्न प्रचार माध्यमों से किए जाने वाले इलाज के भ्रामक दावों से दूर रहें तथा पंजीकृत स्वास्थ्य संस्थाओं में योग्य व अपनी पद्धति में पंजीकृत चिकित्सक से उपचार करवाये।

# राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय, भोपाल ने फ़िशिंग लिंक और खतरनाक एपीके फाइलों से सतर्क रहने की चेतावनी जारी की

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

भारत-पाक संघर्ष के चलते साइबर हमले का जोखिम बढ़ गया है। इस स्थिति में भारतीय शासकीय एजेंसियां, सैन्य कर्मी संस्थान और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जा सकता है। भारत-पाक संघर्ष के संबंध में वाट्सअप, ई मेल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से तेजी से फैल रही दुष्प्रचार सामग्री के बारे में सतर्क रहना आवश्यक है। इस सामग्री में भ्रामक वीडियो फोटो एपीके फाइल और भारत-पाक संघर्ष से संबंधित समाचार या अपडेट के रूप में फिशिंग ई मैल का उपयोग शामिल है। साइबर अपराधी समाचार अथवा सूचनाओं से संबंधित विशेष अपडेट, संघर्ष से संबंधित कथन या लीक हुए फुटेज के बहाने दुष्प्रचार सामग्री प्रसारित कर रहे हैं, जिनमें मैलवेयर, स्पाइवेयर या फिशिंग वेबसाइट्स के लिंक होते हैं। यह सामग्री विभिन्न ऋ लिंक या अज्ञात नंबरों से भेजी गई तस्वीरों के रूप में भी हो सकती है जो कि वाट्सअप टेलीग्राम या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के




माध्यम से बड़ी सरलता से प्रेषित की जा सकती है ।साइबर हमला करने के तरीकों में दुष्प्रचार रूप से तैयार की गई एपीके फाइल,एक्स फाइल और वीडियो फाइल लिंक को वाट्सअप ई मैल और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निम्नलिखित तरीकों से साझा किया जा रहा है ।संदेशों में फिशिंग लिंक एम्बेड करना जो विश्वसनीय स्रोतों या समूहों के समान प्रतीत होते हैं। वैध समाचार या सरकारी स्रोतों की तरह दिखने के लिए डिजाइन की गई इन फिशिंग वेबसाइट्स के माध्यम से व्यक्तिगत डेटा को चुराया जा सकता है। एप या टूल जैसे, लाइव वार अपडेट् एप के रूप में लेबल की गई एपीके फाइल्स का प्रसार किया जा रहा है, जिसके माध्यम से डेटा चुराना या डिवाइस को लॉक करके फिरौती की मांग की जा सकती है। इसके अतिरिक्त इन टूल्स के माध्यम से बैंक खाते या सोशल मीडिया खाते आदि को भी हैक किया जा सकता है ।व्हाट्सप् और सोशल मीडिया उपयोग हेतु जनता के लिए सलाह दी गई है। कभी भी अनजान फोन नंबर से भेजे गए वीडियो या इमेज फाइल को ओपन न करें, भले ही ऐसी फाइल किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा भेजी गई हो जिस पर आप भरोसा करते हैं। स्वयं भी ऐसे मैसेज फाइल को कभी किसी को या किसी समूह को फॉरवर्ड न करें।

केवल गूगल प्ले स्टोर या अधिकृत ऐप स्टोर से ही किसी एप को इंस्टाल करें। विवादित अपडेट या संवेदनशील फुटेज दिखाने का दावा करने वाले फॉरवर्ड किए गए लिंक पर क्लिक् कर ओपन करने का प्रयास न करें। यदि आप किसी ऐसे समूह के सदस्य हैं जहां भड़काऊ या असत्यापित सामग्री शेयर की जा रही हो तो ऐसा करने वाले संदिग्ध व्हाट्सप् ग्रुप से बाहर निकलें, रिपोर्ट करें और ऐसे ग्रुप को डिलीट करें ।व्हाट्सप् में बेहतर सुरक्षा सेटिंग्स करें जैसे ऑटो डाउनलोड डिसएबल् करें‌ व्हाट्सप् की सेटिंग् में जाकर में -> स्टोरेज और डाटा में जाएं फिर सभी मीडिया जैसे फोटो, ऑडियो, वीडियो, डॉक्यूमेंट के लिए ऑटो - डाउनलोड को डिसएबल करें ।अकाउंट हैक होने से बचाने के लिए हमेशा व्हाट्सप् अकाउंट सेटिंग् में टू -स्टेप वेरिफिकेशन एनबल करें। किसी भी दुष्प्रचार संदेश या समूह गतिविधि को सीधे व्हाट्सप् पर रिपोर्ट करें या cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें। ह्रक्क किसी के साथ साझा न करें ।इसी प्रकार ईमैल उपयोग करते हुए इन सावधानियों को बरतें अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए ईमेल न खोलें, खासकर वे जो भारत-पाक संघर्ष से संबंधित विषय वाले हों ।अनचाहे ईमेल से आए अटचमेंट को डाउनलोड करने या लिंक पर क्लिक् कर ओपन करने से बचें। ईमेल एड्रेस की सावधानीपूर्वक जांच करें क्योंकि फिशिंग ईमेल भेजने के लिए साइबर अपराधी अक्सर असली जैसे दिखने वाले एड्रेस की नकल करते हैं।

# पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा में और तेजी लाने बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय स्थित हेलीपेड से एयर लिफ्ट करने की हुई मॉकड्रिल

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

आपातकाल में नागरिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने %पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा% से कई जिंदगियों को बचाया जा रहा है। सेवा में और तेजी लाने करने के लिए भोपाल में मॉकड्रिल की गई। इस दौरान डमी मरीज को बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी में बनाए गए हेलीपेड से एयर लिफ्ट किया गया।




इसके पहले भोपाल विमानतल से उड़कर बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय पहुंचे एयर एम्बुलेंस को लैंड करवाकर टेस्टिंग की गई ।पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा से समय-समय पर कई ज़िंदगियों को बचाया जा चुका है। ऑर्गन ट्रांसप्लांट एवं गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल सर्व सुविधायुक्त अस्पताल है। यहां से रेफर किए गए मरीजों को पूर्व में भी पीएम श्री एंबुलेंस के माध्यम से लिफ्ट कर उपचार के लिए भेजा गया है साथ ही प्रदेश के दूसरे जिलों से रोगियों को उपचार के लिए एम्स लाया जाता है।बरकतउल्ला विश्वविद्यालय स्थित हेलीपैड के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान से नजदीक होने के कारण मरीज को शीघ्र ही उपचार के लिए भेजा जा सकता है तथा आवश्यकता पड़ने पर बाहर भी भेजा जा सकता है।

भोपाल विमानतल तक पहुंचने में लगने वाले समय की अवधि को कम करने के उद्देश्य से इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा से प्रदेश में कहीं भी चिकित्सा आपात स्थिति उत्पन्न होने या चिन्हित विशेष प्रकार की चिकित्सा सुविधा या चिकित्सा विशेषज्ञों की आवश्यकता निर्मित होने पर कठिन भौगोलिक परिस्थिति में प्रदेश के दूरस्थ अंचलों तक पहुंचकर उन्नत आपातकालीन चिकित्सा द्वारा मरीजों की को स्थिर कर उच्च चिकित्सा केन्द्रों तक एयर लिफ्ट किये जाने की सेवा प्रदाय की जाती है। पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा सड़कों एवं औद्योगिक स्थलों में होने वाले हादसों, प्राकृतिक आपदा में गंभीर पीड़ित घायल व्यक्ति को त्वरित उपचार के लिये हवाई परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि एम्स से बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की दूरी लगभग 3 किलोमीटर है। ग्रीन कॉरिडोर बनाकर इस दूरी को अधिकतम 3 से 4 मिनिट में पूरा किया जा सकता है। गंभीर मरीजों को न्यूनतम समय में उपचार के लिए एयर लिफ्ट कराने के उद्देश्य से मॉकड्रिल की गई।

## प्रदेश में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम,पोस्ट एमबीबीएस डीएनबी पीजी डिप्लोमा की बढ़ी सीटें

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**




उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज़ (एनबीईएमएस), नई दिल्ली द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिला चिकित्सालयों में पोस्ट एमबीबीएस डीएनबी पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम की 12 नई सीटों को मान्यता प्रदान करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं आमजन तक सुगमता से पहुंचें। इन नई सीटों से भविष्य में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को दूर करने में मदद मिलेगी और ग्रामीण तथा दूरस्थ अंचलों में भी गुणवत्तापूर्ण उपचार सुलभ हो सकेगा। जिला अस्पतालों को चिकित्सा शिक्षा के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में सशक्त किया जा रहा है, जिससे न केवल युवा चिकित्सकों को अवसर मिलेगा, बल्कि अस्पतालों में सेवाओं की गुणवत्ता भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रत्येक जिला चिकित्सालय एक अत्याधुनिक उपचार और प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित हो। स्वास्थ्य क्षेत्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार को ये महत्वपूर्ण सफलता मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल शिवपुरी में डीजीओ (डिप्लोमा इन गाइनेकोलॉजी एंड ऑब्सटेट्रिक्स) की 4 सीटें एवं डीए (डिप्लोमा इन अनेस्थीसिया) की 2 सीटें, जिला अस्पताल रतलाम में डीओ (डिप्लोमा इन ऑप्थाल्मोलॉजी) की 2 सीटें तथा जिला अस्पताल भोपाल में डीजीओ की 4 नई सीटों को एनबीईएमएस द्वारा मान्यता दी गई है। इस मान्यता के साथ ही प्रदेश में पोस्ट एमबीबीएस डीएनबी/पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की कुल सीटों की संख्या बढ़कर 63 हो गई है।

## धर्मशाला अव्यवस्था का हुआ शिकार, दुर्दशा की बहा रहा है आंशू, परिक्रमा वासी हो रहे हैं परेशान

## 20 लाख की लागत से बना था भवन

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। पवित्र नगरी अमरकंटक के दक्षिण तट में बने परिक्रमा वासियों ठहरने का एकमात्र आश्रय धर्मशाला इस समय अव्यवस्था का शिकार है परिक्रमा वासियों का यह एकमात्र धर्मशाला दुर्दशा का पर्याय बन चुका है । दक्षिण तट पर बने परिक्रमावासी धर्मशाला की लंबे समय से मरम्मत सुधार एवं उसकी साफ सफाई रंग रोगन न किए जाने से उक्त भवन अपनी दुर्दशा की आंसू बहा रहा है । उल्लेखनीय है कि पवित्र नगरी अमरकंटक में पतित पावनी पुण्य सलिला मां नर्मदा नदी के दक्षिणी तट में नर्मदा परिक्रमा वासियों के माई की बगिया से प्रस्थान के बाद एकमात्र आश्रय धर्मशाला है उक्त भवन का निर्माण विंध्य विकास प्राधिकरण रीवा से प्राप्त राशि से लगभग 12 वर्षों पूर्व कराया गया था उक्त भवन में लगभग 20 लाख रुपए की राशि व्यय कर निर्मित किया गया तब से लेकर आज दिनांक तक उक्त भवन आवश्यक सुधार मरम्मत तथा साफ सफाई रंग रोगन आदि नहीं कराया जा सका इस कारण उक्त भवन में कोई भी यात्री भक्त श्रद्धालु दर्शनार्थी यहां रुकने से डरते हैं भय लगता है। परिक्रमा वास धर्मशाला की देखरेख का कार्य स्थानीय अमरकंटक विकास प्राधिकरण (विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण) साडा अमरकंटक के द्वारा किया जाता है लेकिन उक्त भवन के हालात को कोई देखने वाला नहीं रहा फल स्वरुप परिक्रमा वास धर्मशाला अब व्यवस्था का शिकार है । रीवा शहर से आए पटेल दंपति ने एवं रायपुर से आए देवांगन परिवार ने कहा कि उक्त भवन की साफ सफाई देख-रेख ना होने से रहने से डर लगता है आसपास जंगली जीव जंतुओं के आने का डर है इसी तरह रायसेन जिले से 10 12 के जत्था में आए परिक्रमा वासी ने कहा कि यहां कोई नहीं रहता हम किससे संपर्क करें यहां साफ सफाई नहीं है ऐसे में कैसे रहेंगे ।



परिक्रमा वासियों के नाम पर बनाया गया है लेकिन देखरेख ठीक व्यवस्था नहीं है । नगर परिषद अमरकंटक के पूर्व अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता रज्जू सिंह नेताम ने कहा कि अमरकंटक विंध्य विकास प्राधिकरण प्रशासन जिला प्रशासन लोकप्रिय कलेक्टर हर्षल पंचोली तथा अनु विभागीय अधिकारी राजस्व तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्राधिकरण सुधाकर सिंह बघेल से तत्संबंध में भवन का निरीक्षण करा परिक्रमावासी भवन का तत्काल ही सुधार मरम्मत करा साफ सफाई एवं रंग रोगन करने की मांग की है ताकि परिक्रमा वासी एवं पर्यटक भक्ति श्रद्धालु गण उसमें आश्रय पा सके उन्हें भटकना न पड़े। तथा उक्त धर्मशाला में स्थाई कर्मचारी नियुक्त करें ताकि किसी भी समय यात्री आकर रूक सके।

# जनपद सदस्य विक्की गौतम के चाचा संजू गौतम का दिल का दौरा पड़ने से निधन, ग्राम घोटी में शोक की लहर

**ज्ञान चन्द शर्मा**

बालाघाट। जनपद पंचायत सदस्य देवेश (विक्की) गौतम के चाचा एवं ग्राम घोटी निवासी शिव उर्फ संजू गौतम (उम्र 52 वर्ष) का सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात एक बजे दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की खबर मिलते ही पूरे ग्राम सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। स्व. संजू गौतम एक लोकप्रिय, मिलनसार एवं सौम्य स्वभाव के व्यक्ति थे। ग्राम घोटी में वे अपने सरल व्यवहार और सामाजिक सहभागिता के लिए विशेष रूप से जाने जाते थे। उनका असामयिक निधन न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति है। शोकाकुल परिजनों ने बताया कि अंतिम संस्कार 13 मई को 3ऱ बजे ग्राम घोटी के स्थानीय मोक्षधाम में विधिपूर्वक किया जाएगा। अंत्येष्टि यात्रा उनके निवास से प्रारंभ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी, रिश्तेदार, जनप्रतिनिधि एवं शुभचिंतक शामिल होंगे। परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणजनों का तांता लगा हुआ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्मा को शांति और शोकसंतप्त परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# ग्राम परासी में महिला एवं बाल विकास व पुलिस विभाग की टीम ने रुकवाया बाल-विवाह

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग की टीम द्वारा विकासखण्ड अनूपपुर के ग्राम परासी में परिवारजनों को समझाईश देकर बाल-विवाह को रोका गया।

ग्राम परासी में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर टीम द्वारा गांव में उपस्थित होकर वर एवं वधु पक्ष के परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए समझाइश दी गई।



टीम ने परिवारजनों के साथ ही ग्रामीणजनों को भी बाल विवाह के दुष्परिणाम और कम उम्र में बालक-बालिका का विवाह करने पर कानूनी कार्यवाहियों की जानकारी दी, जिससे वर एवं वधु पक्ष के परिजनों ने बालिका की 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात् ही विवाह करने की बात कही।

बाल विवाह रोकने में विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग श्री अशोक कुमार त्रिपाठी, पर्यवेक्षक श्रीमती दयमंती सिंह, एसएसआई थाना भालूमाड़ा श्री रघुराज सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता श्री बीकेन्द्र सिंह राजे, आरक्षक श्री देवेन्द्र तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# ब्यौहारी में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से ऑटो चालक की मौत, परिजनों ने किया चक्का जाम

**संभागीय संवाददाता - राजू राय**

हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शहडोल-रीवा मार्ग पर चक्का जाम कर दिया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नहीं हैं।जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के दरोगा पुलिया में एक तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ऑटो को ठोकर मार दी, जिसमें ऑटो चालक की मौके पर मौत हो गई, घटना के बाद नाराज परिजन शहडोल रीवा मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंच लोगों से बातचीत कर उन्हें समझाने की कोशिश कर रही है, लेकिन विरोध कर रहे लोग मानने को तैयार नहीं है। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं।

# सही व्यक्ति को वोट देने का मतलब अब समझ आ जाना चाहिए

## भारत में बैठे पाकिस्तान के दलालों से सावधान रहें

**ज्ञान चन्द शर्मा बालाघाट**

बहुत लोग चुनाव के समय कहते मिल सकते हैं कि कोई भी जीते, हमें क्या, सब एक से हैं और फिर बहुत से सिरफिरे NOTA दबा कर समझते हैं कि उन्होंने बड़े पुण्य का काम कर दिया -

लेकिन आज मोदी द्वारा पाकिस्तान का इलाज करने से हर किसी को समझ आ जाना चाहिए कि उसके वोट की शक्ति क्या है - बस यह समझ लो कि आपका श्ङ्करू में डाला हुआ एक वोट लड़ाकू विमान, राफेल, ब्रह्मोस, स्र 400 डिफेंस सिस्टम चला रहा है -

सब एक से कैसे हैं, यह कहने से पहले एक बार सोच लेना चाहिए कि एक कांग्रेस सरकार थी जिसके पास एक राफेल खरीदने के पैसे नहीं थे और दूसरी तरफ मोदी है जिसने पिछले 11 साल में देश की सेना को पूरी ताकत दे दी - राफेल खरीदे, स्र - 400 डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदा, लाखों करोड़ के हथियार खरीदे और देश में बनाए - प्राइवेट सेक्टर आज देश की सेना की जरूरतें पूरी कर रहा है - फिर कांग्रेस और मोदी एक बराबर कैसे हुए, यह बात NOT दबाने वालों को भी समझनी चाहिए -

शक्तिशाली सेना को खुली छूट दी मोदी ने और सेना ने पाकिस्तान का इलाज कर दिया जबकि मनमोहन सिंह ने 26/11 और अन्य आतंकी हमलों के लिए डोजियर डोजियर का ही खेल खेला, सेना के हाथ नहीं खोले जो पाकिस्तान से बदला ले सके - फिर कांग्रेस और भाजपा एक सी पार्टी कैसे हुई - आज कांग्रेस में ऐसा माहौल है जैसे पाकिस्तान से बदला लेना कोई मातम का विषय हो गया जो राहुल गांधी और अन्य नेताओं के चेहरों पर मायूसी साफ़ बताती है - क्या रिश्ता है कांग्रेस का पाकिस्तान से जो मायूसी का आलम है -

यह रिश्ता कांग्रेस का पाकिस्तान से इस बात से समझ आता है कि कल सर्वदलीय बैठक के बाद खड़गे और राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने हमें गोपनीय जानकारी नहीं दी और जयराम रमेश पहले ही कह चुका था कि कांग्रेस को विश्वास में लेकर सरकार बताए कि वह पाकिस्तान पर क्या कार्रवाई करना चाहती है - यह है पाकिस्तान की दलाली कि इधर सरकार हमें बताएं और हम पाकिस्तान को सूचित करें -

देश में गद्दारों के कमी नहीं है - पहलगाम में हिंदुओं के नरसंहार के बाद एक तरफ शोर मचाया जा रहा था कि मोदी कुछ नहीं कर रहा, राहुल गांधी ने तो यहां तक कह दिया, मेरी दादी होती तो अब तक बदला ले लिए होता - लेकिन जब मोदी ने ठोक दिया पाकिस्तान को तो अब दलालों की चीख निकल रही है - सुनो, कौन क्या कह रहा है -

अरफ़ा खानम -

पहलगाम हमले के बाद -

हमला पाकिस्तानी आतंकियों ने किया है, आप पाकिस्तान पर हमला कीजिए और हमेशा के लिए आतंकवाद की जड़ को नेस्तनाबूद कर दीजिए -

आप अपने देश के मुस्लिम नागरिकों से झगड़ा करके क्या हासिल करना चाहते हैं

इसको पूछो सरकार ने कहां मुस्लिम नागरिकों से झगड़ा किया है और अब, जब पाकिस्तान पर प्रहार किया है तो इसकी भाषा देखिये -

Peace is Patriotism, War is Destruction,

Borders Do Not Bleed, People do -

stop the war -

ये कभी पाकिस्तान को नहीं कहती कि आतंकी हमले मत करो -

विनोद कापरी -

18 सितंबर 2016 का बयान -

Strong statements and tweet are not going to help anymore @मोदी जी,

राजनाथ सिंह जी,

"Nation is behind you, TAKE STRONG ACTION, Declare War "

अब जब Strong Action किया गया तो कह रहा है -

"Say NO TO WAR"

अखिलेश यादव की HMV (His MasterÓs Voice"

नेहा सिंह राठौर -

1 मई, 2025 को -

तो क्या अब मान लिया जाए कि पाकिस्तान इस बार भी बच गया,

देश का बदला कब पूरा होगा मोदी जी?

देश आतंकवादियों के कटे सिर मांग रहा है

जब पाकिस्तान को बजा दिया तो कह रही है -

लाशें भारत और पाकिस्तान में गिर रही हैं,

हथियार यूरोप वालों के बिक रहे हैं,

बताओ युद्ध कौन जीत रहा है

इसलिए इमरान खान के नए पाकिस्तान का इलाज मोदी के नए भारत ने किया है और जो मोदी को तीसरी बार लेकर आए, उनका भी इस इलाज में बड़ा योगदान है -

# लाड़ली बहना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के हितग्राहियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री ने किया राशि का अंतरण

## सीधी में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को देखने एवं सुनने जिले में की गई थी व्यवस्था

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। अनूपपुर 15 मई 2025/ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी जिले के तहसील गोपदबनास (सीधी खुर्द) में राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाडली बहना योजना तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों तथा गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी की लाडली बहना हितग्राहियों को अनुदान राशि का हितग्राहियों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया।



इस कार्यक्रम को कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार सहित जिले के जनपद व नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में देखने एवं सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों के साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे। जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित लाडली बहनें एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राही उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री जी ने सिंगल क्लिक के माध्यम से अनूपपुर जिले के 01 लाख 27 हजार 291 लाड़ली बहनों के खातों में तथा गैस सिलेण्डर रिफिल अनुदान योजना के लिए जिले के लाड़ली बहनों के खातों में एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत जिले के हितग्राहियों के खातों में राशि अंतरित कर हितलाभ प्रदान किया। मध्यप्रदेश शासन द्वारा समाज के निर्धन, निराश्रित तथा वृद्ध जनों, कल्याणी, परित्यक्ता, अविवाहिता एवं दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से संचालित पेंशन योजनाओं में प्रति हितग्राही 600 रुपये की आर्थिक सहायता का हितलाभ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश के लगभग 56.83 लाख से अधिक हितग्राहियों को राशि रुपये 341 करोड़ का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। इसी तरह महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित लाडली बहना योजना के प्रदेश के 1.27 करोड़ लाडली बहनों को राशि रुपये 1551.89 करोड़ रुपये तथा गैस सिलेण्डर रिफिल अनुदान योजना के लिए प्रदेश के 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में 30.83 करोड़ रुपये का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया।

# रायसेन स्थित वन परिसर में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

रायसेन। कलेक्टर श्री अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंडों में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रायसेन स्थित वन परिसर में भी सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स (नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में एसडीएम श्री मुकेश सिंह, डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेंट श्री उमेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।







प्रशिक्षण में डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेंट श्री उमेश तिवारी द्वारा ने वॉलेंटियर्स से कहा कि सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स किसी भी आपदा के समय स्थानीय प्रशासन के फ्रंट लाइन सहयोगी होते हैं और प्रशिक्षित टीम का हिस्सा बनने से उनका योगदान और अधिक प्रभावी हो जाता है। प्रशिक्षण में वॉलेंटियर्स को आपातकालीन स्थितियों में राहत और बचाव कार्यों की तकनीकी जानकारी दी। प्रशिक्षण में विशेष रूप से धमाका होने, आग लगने, इमारत गिरने जैसी आपदाओं में जान बचाने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही इमारत में धमाका होने पर या आग लगने पर बचाव के उपायों के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण में आग बुझाने की तकनीकों के बारे में बताया गया कि यदि किसी व्यक्ति के कपड़ों या शरीर में आग लग जाती है या फिर कोई घर-दुकान जलने लगे तो प्राथमिक स्तर पर कैसे नियंत्रण पाया जा सकता है। आग की स्थिति में घबराने की बजाय सतर्कता से काम लेना चाहिए। प्रशिक्षण में फर्स्ट एड यानी प्राथमिक उपचार के बारे में बताया गया कि यदि किसी की त्वचा जल गई हो, हड्डी टूट गई हो या शरीर से खून बह रहा हो तो कैसे रोकथाम की जाए। साथ ही, घायल व्यक्ति को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के लिए तकनीकी तरीकों को भी सिखाया गया। प्रशिक्षण सत्र में वॉलेंटियर्स को आपदा की स्थिति में नागरिकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, प्राथमिक चिकित्सा देने और वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए संकट काल के समय क्या सावधानियां बरतनी इन सब बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही फर्स्ट एड, स्ट्रेचर इस्तेमाल, सीपीआर और रेस्क्यू उपकरणों के उपयोग पर भी अभ्यास करवाया।

# मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उदयपुरा के तत्वाधान में , आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती मनाई गई ।



**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

उदयपुरा, रायसेन शासकीय कॉलेज परिसर उदयपुरा में आदि शंकराचार्य की जयंती मनाई गई । इस अवसर पर ब्रह्मचारी,, जितेंद्रयानन्द जी, नेपाली बाबा उपस्थित रहे,, पूज्य गुरुदेव ने अपने उद्बोधन में कहा कि,, आदि गुरु शंकराचार्य जी ने,, भारतवर्ष की रक्षा चारों तरफ से की,, एवं चारों मठो की स्थापना की,, आदि गुरु शंकराचार्य जी ने अद्वैत वेदांत का सिद्धांत दिया,, इस पूरी सृष्टि में एक ही आत्मा निवास करती है,, पशु पक्षी सभी चराचर जीव जगत में,, एक ही आत्मा का वास है,, आदि गुरु शंकराचार्य जी ने 8 वर्ष की आयु में भी सभी वेदों का अध्ययन कर लिया था,, सभी उपनिषदों का अध्ययन कर लिया था,, एवं पूरे भारत को पैदल चलकर चार बार परिक्रमा की थी,, एवं भारत में चारों दिशाओं में धर्म ठीक से चल सके,, इसलिए आदेत्व वेदांत का सिद्धांत दिया ,, इस कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी राम कुमार धाकड़ , शैलेश खरे जी ,, मिथलेश मेहरा मलखान राजपूत , विनोद चौकसे ,अनिल शर्मा। ,प्रशांत रघु ,, जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक राममोहन रघुवंशी,नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, सभी परामर्शदाता, एवं बी एस डब्लू ,एमएसडब्ल्यू छात्र उपस्थित रहे ।

# और समरसता का संदेश देती स्मरणीय बुद्ध जयंती पर समाजवादी नेताओं ने दी शुभकामनाएं, एड. अनिकेत दीपांकर और आरती अहिरवार की रिंग सेरेमनी में जुटे गणमान्य अतिथि।





**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

भोपाल, मध्यप्रदेश — विश्व शांति के प्रतीक तथागत गौतम बुद्ध की जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित एक भव्य समारोह में समाजवादी विचारधारा से जुड़े प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। यह आयोजन बाबूलाल पहलवान जी (प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी म.प्र.) के सुपुत्र एड. अनिकेत दीपांकर (प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी अधिवक्ता सभा म.प्र.) और आरती अहिरवार (सुपुत्री ओमप्रकाश अहिरवार जी) की रिंग सेरेमनी के शुभ अवसर पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही मंच पर जय नारायण चौकसे जी (प्रदेश उपाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी), रतनलाल बाथम जी (प्रदेश अध्यक्ष, अनुशासन समिति), कार्यालय प्रभारी उमेश पटेरिया जी, शैलेंद्र यादव जी, वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम नारायण अहिरवार जी, रुकनेश राज जी (प्रदेश उपाध्यक्ष, बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी), राम बाबू अहिरवार जी, मुन्नालाल शिल्पकार, नंदिनी बौद्ध जी, कल्लू अहिरवार जी, तारीक अनवर जी (भोपाल महानगर अध्यक्ष), प्रदीप दिनकर जी, डॉ. राजू कुश्तबार, एड. तुलसीराम आहीरबर सहित समाजवादी विचारधारा से जुड़े कई अन्य गणमान्य अतिथि एवं कक्ष के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जुआ खेलते 6 जुआरियों को 3 मोटरसाइकिल,5 मोबाइल,1,55,800 नगदी सहित पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ज्ञान चन्द शर्मा/बालाघाट**

पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह द्वारा जिले में जुआ, सट्टा,अवैध शराब एवम् अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर आदर्शकांत शुक्ला(भा.पू.से.),अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट विजय डाबर,अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस)परसवाड़ा अरविंद कुमार शाह के मार्गदर्शन में परसवाड़ा पुलिस द्वारा 14 मई बुधवार को थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपार में आरोपी इतू यादव के घर के पीछे परछी में जुआ खेलने की विश्वशनीय सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश देकर 6 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया जिनमें इतू यादव 35 वर्ष निवासी शेरपार,रोहित ठाकरे 34 वर्ष निवासी शेरपार,अर्जुन पटले 23 वर्ष निवासी लामता,मो. सलीम 53 वर्ष निवासी शेरपार,आशीष चावले 47 वर्ष निवासी परसवाड़ा एवम् परसवाड़ा के ही दूसरे आरोपी को जुआ खेलते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। सभी 6 आरोपियों के पास से 52 पत्तों की ताश की गड्डी,03 मोटरसाइकिल,05 मोबाईल फोन एवम् नगदी सहित कुल 1,55,800/रुपए बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध थाना परसवाड़ा में अपराध क्र.89/2025 धारा 13 जुआ एक्ट एवम् 112 बी. एन. एस. के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इनकी रही उल्लेखनीय भूमिका थाना प्रभारी निरीक्षक मदन इवने, सऊनि सुरेश राजपूत,आरक्षक रंजीत,आरक्षक नितिन,आरक्षक संदीप,आरक्षक ब्रजकिशोर,आरक्षक संजय एवम् महिला आरक्षक शशिकला की सराहनीय भूमिका रही।

# बरेली में 16 मई को आयोजित होगा जिला स्तरीय युवा संगम मेला।

**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

बरेली, रायसेन। जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में दिनांक 16 मई को पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेली में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित यह युवा संगम मेला 16 मई को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक बरेली में आयोजित किया गया है। इस युवा संगम मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इस जिला स्तरीय युवा संगम मेले में नवभारत फर्टीलाइजर भोपाल, वोल्वो, आयशर बगरोदा, टेस्ला ट्रांसफार्मर्स इंडिया लिमिटेड मण्डीदीप, अनंत स्पिनिंग मिल्स मंडीदीप, नाहर स्पिनिंग मिल मंडीदीप, इंसुलेटर्स एण्ड इलेक्ट्रिकल्स मंडीदीप, आईडब्ल्यूआई स्टेशनरी मण्डीदीप, यश्यवी ग्रुप मण्डीदीप, वर्धमान यार्न मंडीदीप, होम हेल्प सेंटर रायसेन, द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए अनिवार्य योग्यता पदानुसार कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं डिग्री इंजीनियरिंग है। आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष निर्धारित है। इस अवसर पर ऐसे अभ्यर्थी जो स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं उन्हें विभिन्न स्वरोजगारमूलक विभागों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा और शासन की ओर से दी जाने वाली सहायता एवं योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।



# नाबालिग से रेप की वारदात: बीच जंगल सन्नाटे में गूंजती रहीं चीखें, कराहती रही मासूम, नाना के घर जाते वक्त खौफनाक वारदात

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। 10 मई का दिन अनूपपुर के बिजुरी थाने इलाके के एक छोटा सा गांव एक ऐसी दर्दनाक वारदात की गवाह बना, जिसने न सिर्फ एक लड़की की जिंदगी को पलट दिया, बल्कि पूरे समाज के भीतर एक गहरी टीस और गुस्सा भर दिया।

एक गांव की भोली-भाली लड़की जो अपने नाना के घर जा रही थी, उसे उस रास्ते पर ना केवल विश्वासघात का सामना करना पड़ा, बल्कि वह एक हैवानियत का शिकार हो गई, जिसने उसकी मासूमियत और सुरक्षा के हर लिहाज को खत्म कर दिया।

## बहला-फुसलाकर जंगल में ले गया रेपिस्ट

लड़की अपने नाना के घर जा रही थी, जब उसकी मुलाकात भगवानदास पाव




(46) से हुई, जिसने उसे अपनी बाइक पर बैठाकर बहला-फुसलाकर जंगल में ले गया। यह वह रास्ता था, जो कभी उसे सुरक्षित लगता था, लेकिन अब वह खौफनाक सन्नाटे का गवाह बन चुका था।

जंगल में भगवानदास ने उसे लाचार कर दिया, उसकी चीखें हवा में गुम हो गईं, जैसे कोई सुनने वाला न हो। वह डर और दर्द में बुरी तरह से कांप रही थी, मगर उसकी मदद के लिए कोई हाथ नहीं बढ़ा।

## सन्नाटे के बीच गुम हो गई चीखें

पीड़िता ने कई बार मदद की गुहार लगाई, लेकिन उसकी आवाज कहीं खो गई। वह आदमी, जो पहले एक व्यक्ति की तरह दिखता था, अब एक हैवान में बदल चुका था। भगवानदास ने पीड़िता को एक गांव में छोड़ दिया, जैसे कि उसकी जिंदगी कोई कीमत न हो।

## 12 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

हालांकि, ग्रामीणों ने लड़की के परिजनों को सूचित किया। 11 मई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी को बिना समय गंवाए पकड़ लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी और एसडीओपी कोतमा आरती शाक्य के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम बनाई गई, जिसने आरोपी को गुलीडांड से गिरफ्तार कर लिया।

भगवानदास के खिलाफ बिजुरी थाने में पॉक्सो एक्ट और अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया। कोतमा न्यायालय में उसे पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## समाज में गुस्सा और डर का माहौल

इस घिनौनी वारदात के बाद, समाज में गुस्सा और डर का माहौल है, लेकिन इससे एक बात तो साफ हो गई है कि इस समाज में लड़कियों के लिए सुरक्षा का अधिकार एक सपना ही बनकर रह गया है। क्या हमारी व्यवस्था इन खौफनाक घटनाओं को रोकने में सक्षम होगी, या फिर यह कड़ी हम केवल बनते-बनते रह जाएंगे?

# प्रांजल चौधरी ने CBSE बोर्ड परीक्षा में 90% अंक हासिल कर गुरुकुल स्कूल और माता-पिता का नाम किया रोशन।



**हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता**

उदयपुरा। गुरुकुल स्कूल उदयपुरा की छात्रा प्रांजल चौधरी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) की 12वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय, अपने शिक्षकों और माता-पिता का नाम गौरवान्वित किया है। प्रांजल की इस शानदार सफलता से गुरुकुल स्कूल परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और सहपाठियों ने प्रांजल की मेहनत, लगन और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रांजल की इस सफलता पर उनके पिता मांगीलाल चौधरी मां कमला बाई निवासी केतोघान ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनके निरंतर परिश्रम, समय प्रबंधन और गुरुकुल स्कूल के शिक्षकों के मार्गदर्शन का नतीजा है।

# शासकीय विधि महाविद्यालय में एलएलएम पाठ्यक्रम के संचालन का प्रस्ताव पारित-

**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में दिनांक 15 मई 2025 को जन भागीदारी समिति की द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया विधायक डॉक्टर सीताराम शर्मा जिला कलेक्टर एवं जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष सुश्री सोनिया मीना नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव एवं पीआईयू व स्टेट बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।उक्त बैठक में महाविद्यालय में एलएलएम पाठ्यक्रम के संचालन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया ।साथ ही छात्रों के हित में ऑनलाइन जनरल, सीसीटीवी कैमरे, इंटरनेट कनेक्शन मूट कोर्ट कंपटीशन ,विधिक सहायता, पौधारोपण, सेमिनार, कार्यशाला इत्यादि हेतु प्रस्तावित बजट का अनुमोदन किया गया ।कलेक्टर महोदय द्वारा महाविद्यालय को सत्र 2025- 26 के प्रारंभ होने



से पूर्व बुधवाड़ा स्थित नवीन भवन में स्थानांतरण हेतु पीआईयू को निर्देशित किया गया । स्टेट बैंक से सीएसआर से महाविद्यालय में वाटर कूलर स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

# विश्व बैंक की मदद से संचालित परियोजनाएं समय से पूरी हों : एमडी श्री भोंडवे

**भोपाल।** विश्व बैंक के प्रतिनिधियों ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम, मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्री संकेत भोंडवे से भोपाल के पालिका भवन में सौजन्य भेंट की। भेंट के दौरान श्री भोंडवे ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि विश्व बैंक की सहायता से संचालित परियोजनाएं उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ क्रियान्वित की गई हैं और शेष निर्माण कार्य भी तीव्र गति से पूर्ण किए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश में




संचालित योजनाओं को निश्चित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। विश्व बैंक की सहायता से मध्यप्रदेश में विभिन्न शहरी अधोसंरचना परियोजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। इनमें धरमपुरी, भेड़ाघाट और शाजापुर में सीवरेज परियोजनाओं को पूरा किया जा चुका है, जबकि छिंदवाड़ा सीवरेज परियोजना अंतिम चरण में है और शहडोल में यह कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसके अलावा बुरहानपुर और खरगौन में जल प्रदाय परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और सेवढ़ा जल प्रदाय परियोजना पर कार्य तेजी से किया जा रहा है। बैठक में विश्व बैंक मिशन की ओर से श्री रघु केशवन, श्री रिद्धिमान साहा, सुश्री ज्योति नायर और श्री डी.एम. मोहन ने भाग लिया। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की ओर से प्रमुख अभियंता श्री आनंद सिंह और उप परियोजना संचालक (तकनीकी) श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने प्रतिनिधिमंडल को परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रदान की। मिशन के समन्वय की जिम्मेदारी तकनीकी अधिकारी श्री कमलेश भटनागर द्वारा निभाई गई।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये भी जन-सामान्य को अभियान से जोड़ने का प्रयास

**भोपाल।** प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के काम में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इसके परिणाम समाज के सामने आ रहे है। जल के महत्व को समझाने के लिये सांस्कृतिक गतिविधियों का सहारा लिया जा रहा है। कुछ क्षेत्रों में जन-प्रतिनिधियों ने पदयात्रा निकाल कर पानी के महत्व का संदेश जन-सामान्य को दिया गया।

## वाह्य नदी को बारहमासी नदी में बदलने के लिये पदयात्रा

भोपाल जिले के बैरसिया में जल गंगा संवर्धन अभियान में वाहृय नदी स्थल का भूमि-पूजन किया गया और वाह्य नदी को बारहमासी नदी में बदलने के लिये बैरसिया विधायक श्री विष्णु खत्री के नेतृत्व में पद यात्रा शुरू की गई। यह यात्रा तहसील के विभिन्न ग्रामों से होती हुई खजुरिया रामदास पर समाप्त हुई। बैरसिया में जल स्त्रोतों को चिन्हित कर उनके संरक्षण कर कार्ययोजना तैयार कर संरक्षण का कार्य शुरू किया गया है। प्राचीन बावड़ी का चिन्हांकन भी किया गया है। उनके ऐतिहासिक महत्व के बारे में जन-सामान्य को जानकारी दी जाएगी।

## एकल नल जल योजनाओं के स्रोतों के रिचार्ज के प्रयास

विदिशा जिले में एकल नल जल योजनाओं के स्रोतों के स्थायित्व और निरंतरता के लिए मनरेगा की योजनाओं के साथ अभिसरण कर रिचार्ज संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए केंद्रीय भूजल बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक और राज्य स्तरीय भुजलविद ने जिले के चयनित गाँव का दौरा किया। ग्रामीणों को बताया गया कि वर्षा की हर बूंद को भूमि के अंदर संरक्षण



करके रखना बहुत जरूरी है। ग्रामीणों को वर्षा के जल को रिचार्ज करने की विधि के बारे में बताया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि ग्राम के ढलान के अनुसार पानी को दिशा देकर 3-3 मीटर के फिल्टर के माध्यम से असफल नल-कूपों में पुनर्भरण किया जा सकता है।

## जागरूकता के लिये विशेष प्रयास

सीहोर जिले में 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, रंगोली, ग्राम सभाएं, कलश यात्राएं, शपथ सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। अभियान के तहत जिले के अनेक ग्रामों में कूप मरम्मत, तालाब जीर्णोद्धार, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है।

## 832 पुरानी जल संरचनाओं पर काम

ग्वालियर जिले की 263 ग्राम पंचायतों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरचनायें तेजी से आकार ले रही हैं। कार्यों में तेजी आने से इस अभियान में जिले की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। जिले में कहीं पर खेत-तालाब, कहीं पर अमृत सरोवर तो कहीं पर पुराने कुँओं के पुनर्भरण के लिये संरचनायें बनाई जा रही हैं। साथ ही पिछले वर्षों की जल संरचनाओं को पूरा करने का काम भी अभियान के तहत हो रहा है। जिले की 263 ग्राम पंचायतों में वर्तमान में वर्षा जल सहेजने के लिये 1610 कार्य चल रहे हैं। इसके अलावा 832 पुरानी जल संरचनाओं को पूरा करने का काम भी प्रमुखता से कराया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान में जन भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जल संचय एवं उपयोग के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में 854 खेत-तालाब स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 794 खेत-तालाबों का काम शुरू हो चुका है। इसी तरह जिले में 903 पुराने कुँओं को रिचार्ज करने के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 810 कुँओं को रिचार्ज करने के लिये संरचनायें बनाने का काम जारी है। जिले में 6 अमृत सरोवर भी स्वीकृत किए गए हैं। जिले में बड़े पैमाने पर बनाई जा रहीं जल संरचनायें जल संरक्षण व संवर्धन का काम तो कर ही रही हैं, साथ ही मछली पालन व सिंघाड़ा उत्पादन जैसी व्यवसायिक गतिविधियों के माध्यम से किसानों की अतिरिक्त आय का साधन भी बनेंगी। खेत-तालाबों व अमृत सरोवरों के किनारे वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के काम भी किए जायेंगे।

## प्राचीन और ऐतिहासिक बावड़ी की सफाई

झाबुआ जिले के ग्राम भगोर की प्राचीन व ऐतिहासिक बावड़ी में श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के महत्वाकांक्षी अभियान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विभिन्न जल स्रोत की साफ-सफाई का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में झाबुआ कलेक्टर सुश्री नेहा मीना के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ग्राम भगोर के केसरिया की प्राचीन ऐतिहासिक कसारा की बावडी में श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। जिला समन्वयक श्री प्रेमसिंह चौहान ने बताया कि पूरी बावड़ी में पेड़ों के पत्ते बिखरे हुए थे और गंदगी पसरी हुई थी जिसे ग्राम पंचायत, विद्यार्थी, नवांकुर संस्था के सदस्यों द्वारा मिलकर सफाई की गयी।

# सारंगपुर में गूँजा वंदेमातरम्, भव्य तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**भोपाल।** भारतीय सेना के सम्मान में राजगढ़ के सारंगपुर विधानसभा में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमे देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हजारों नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यात्रा गांधी चौक से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई बस स्टैंड पहुची। जहां भारत माता की आरती के साथ यात्रा का विश्राम हुआ। भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित भव्य तिरंगा यात्रा में सर्व समाज के लोगों से हिस्सा लिया। इसमें सामाजिक संगठन, मंडल, समितियों और वर्ग के लोगों ने एकता का संदेश देते हुए राष्ट्र के प्रति अपनी अटूट निष्ठा का परिचय दिया। साथ ही यात्रा में युवाओं, महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित सभी ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। यात्रा में भारत माता की



झांकी, परंपरागत वेशभूषा में सजे युवाओं की टोली और बैंड खास आकर्षण का केन्द्र रहे। तिरंगा यात्रा दोपहर 3 बजे गांधी चौक से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई बस स्टैंड पहुची। मार्ग में जगह जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। वही यात्रा में भारतीय सेवा के पूर्व सैनिक भी शामिल हुए जिन्हें देख हर तरफ %भारत माता की जय%, %वंदे मातरम्%, और %जय हिंद% के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। तिरंगा यात्रा में मध्यप्रदेश सरकार के राज्य मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने यात्रा की शुरुआत की। भारत माता की आरती से पहले मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि हमारे जवान सीमा पर खड़े होकर दिन रात देश की सेवा कर रहे हैं। उनका उत्साहवर्धन करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। आज सारंगपुर के नागरिकों ने एकता और देशप्रेम का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है वह प्रेरणादायक है। भारत एक पूण्य भूमि है। जहां वीरों ने जन्म लिया। भारतीय वीर नारियों की गाथा संपूर्ण देश में विख्यात है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)